एक नजर में

भाजपा किसान नेता अशोक लक्कड़वाला का निधन, आज होगा अंतमि संस्कार

बुरहानपुर। भारतीय जनता पाटी के वरिष्ठ नेता,पुर्व जनपद सदस्य व श्री डेरिया ऋषि गौत्र के अशोक जगमोहनदास लक्कड़वाला उम्र 71 वर्ष,निवासी चौक बाजार, बुरहानपुर का दिनांक 15 दिसंबर 2025 सोमवार को प्रात: 08.30 बजे इंदौर में निधन हो गया है । उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान चौक बाजार बुरहानपुर से दिनांक 16 दिसंबर 2025 मंगलवार को प्रात: 10.00 बजे नागझिरी घाट जाएगी । बतादे कि आप युवा अवस्था से ही जनसंघ,जनता पार्टी , भाजपा के सदस्य होकर सक्रिय कार्यकर्ता रहे है। खकनार जनपद की सारोला सीट से आप जनपद सदस्य रहे, मुख्यमंत्री सुदरलाल पटवा सरकार के समय केला के गिरते भाव के खिलाफ किसान मोर्चा के पदाधिकारी होने एवं आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाते हुवे आप जेल भेजे गए । अशोक लक्कडवाला के अनुज अखलेश लक्क्डवाला ने बताया कि आपके 2 पुत्र एवं 2 पुत्री है । बडा बेटा प्रशांत इंदौर में प्रोफेसर है उन्ही के पास आप रहते थे ,कुछ समय से आपका स्वास्थ्य भी ठीक नही था। छोटा बेटा अमेरिका में है जो कुछ समय पुर्व ही पिता से मिलने इंदौर आया हुवा था। भाजपा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील , पुर्व मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनासेज माने,महामंत्री चिंतामन महाजन सहित राजनितिक दलो के नेताओं ,पदाधिकारीयों ,कार्यकर्ताओं एवं सताजबंधुओं ने गहरा शोक व्यक्त किया।

पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार आज बुरहानुपर में

बुरहानुपर। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन पाटीदार जी का कल दिनांक 16 दिसंबर मंगलवार को बुरहानपुर आगमन हो रहा है। डॉ. मनोज माने जिलाध्यक्ष ,सुनील वाघे अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा बुरहानपुर ने उक्त जानकारी देते हुवे बताया कि इस अवसर पर जिले के समस्त पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि गण, मोर्चा.प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ता बंधुओ से आग्रह है कि पवन पाटीदार जी के स्वागत अभिनन्दन कार्यक्रम मे अवश्य पधारे। यह कार्यक्रम राजस्थानी भवन, इंदिरा कॉलोनी,बुरहानपुर पर समय दोपहर 3 बजे से होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध जिला महामंत्री चिंतामण महाजन, राहुल जाधव, सुभान सिंह चौहान भाजपा बुरहानपुर ने किया है।

स्वास्थ विभाग खकनार की टीम द्वारा ग्राम पंचायत तुकईथड़ में एचआईवी और टीबी का शिविर

खकनार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खकनार अस्पताल के आईसीटीसी परामर्शदाता हरलाल सिसोदिया ने एचआईवी की जांच करके लोगो को एचआईवी के बारे में जागरूक किया गया है। परामर्शदाता सिसोदिया ने लोगो को समझाइश दी है की साल में दो से तीन बार एचआईवी और सिफलिस की निशुल्क जांच आईसीटीसी केंद्र में करवाने की सलाह दी है स साथ में गर्भवती महिलाओं को तीन माह के अन्दर एचआईवी और सिफलिस की जांच करवाने की सलाह दी है। एचआईवी के प्रमुख लक्षण जैसे बार बार टीबी होनाएबार बार दस्त लगनाए शरीर का वजन कम होना, दो माह से अधिक समय तक बुखार आना, रात में पशीना आना, लिम्फनोड में सूजन आना आदि स टीबी विभाग बुरहानपुर से टीबी हेल्थ विजिटर दर्शन पथोरिया एवं खकनार अस्पताल से टीबी टिटमेंट सुपरवाईजर राजू राठौड़ ने टीबी के मरीजों को फूड बास्केट वितरित किया गया है। एक्स.रे तकनीशियन कल्पना साक्यवार ने एक्स.रे मशीन से एक्स.रे लिए है । सीएचओ सोनाली जगताप के द्वारा रूटीन की जांच की गई है। एएनएम इंगली माली ने साई टीबी की जांच की है। साई आशीष से जगदीश रावत ने मरीजों से टीबी के सैंपल प्राप्त किए है। आशा सुपरवाइजर पिंकी जावेकर एवं तुकईथड़ आशा कार्यकर्त्ता रजनी केतवाश, पूजा काछवा,संगीता दीक्षित ,बेबी महाजन की उपस्थित थी।

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत सांदीपनी सुभाष स्कूल में खेल प्रतियोगिता संपन्न

बुरहानपुर। सांदीपनी शासकीय सुभाष हाई स्कूल बुरहानपुर में सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत 100 मीटर रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष स्कूल के पूर्व उत्कृष्ट खिलाड़ी उपेंद्रनाथ गुजराती एवं कृष्णदास भगत एवं बुरहानपुर विधानसभा खेल महोत्सव के सह प्रभारी रविंद्र सिंह खरबंदा उपस्थित थे। संस्था की प्राचार्य पी हुसैन मैडम ने बताया कि इस आयोजन में खिलाड़ियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया स आरंभ में अतिथियों का पुष्पहार द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के सेवा निवृत शिक्षक जगदीश सिंह हजारी द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि जिस संस्था के हम उत्कृष्ट खिलाड़ी रह चुके हैं इस संस्था द्वारा खेल महोत्सव में हमें अतिथि बनाया गया । इस हेतु उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आयोजन कर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया एवं खिलाड़ियों को मोबाइल से दूर रहकर खेल के क्षेत्र में अधिक से अधिक ध्यान लगाने हेतु प्रेरित किया। रविंद्र सिंह खरबंदा ने अपने विचार रखते हुए इस महोत्सव के आयोजन हेतु खिलाड़ियों के हित में लिए गए, इस निर्णय के लिए खंडवा लोकसभा के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के प्रति आभार प्रकट किया। संस्था की खेल प्रभारी श्रीमती प्राजंलि वैद्य ने बताया कि प्रतियोगिता के तुरंत बाद खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के उमेश कोष्टा का विशेष सहयोग रहा।

मारवाड़ी क्रिकेट लीग सीजन 3 का शुभारम्भ

बुरहानपुर। अ.भा. मारवाड़ी युवा मंच शाखा बुरहानपुर द्वारा विगत 3 वर्षो से क्रिकेट लीग का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने बताया एप्पल हॉस्पिटल मारवाड़ी क्रिकेट लीग सीजन 3 का शुभारम्भ राष्ट्रिय अध्यक्ष सुरेश जैन द्वारा 17 दिसम्बर को अर्वाचीन ग्राउंड में शाम 5 बजे किया जायेगा। लीग सीजन 3 के अध्यक्ष दामोदर तोदी ने बताया की विशिष्ठ अतिथि अमित मिश्रा ,डॉ हेमंत महाजन एवं आंनद भगत के आतिथ्य में शुभारम्भ होगा। प्रोजेक्ट चेयरमेन अभिषेक जैन एवं दिलीप कासलीवाल ने बताया की इस 5 दिवसीय मारवाड़ी क्रिकेट लीग सीजन 3 में 10 टीमें हिस्सा लेगी। जिसमे 130 खिलाडी भाग लेंगे। अध्यक्ष पुनीत शर्मा ने बुरहानपुर क्रिकेट प्रेमियों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में क्रिकेट लीग सीजन 3 का आन्नद लेवे। सचिव शुभम जैन ने बताया की यह मेचेस सांयकालीन 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक खेले जायेगे। इस माह के कन्वेनर रोशन अग्रवाल एवं गौरव योगेन्द्र अग्रवाल है।

पांगरी बांध डूब प्रभावित किसानों की दोगुने मुआवजे की मांग ,1500 किसान प्रभावित

मुआवजा नहीं तो जारी रहेगा संघर्ष,तीन साल से कर रहे आंदोलन

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले की पांगरी बांध परियोजना के डूब प्रभावित किसान पिछले तीन साल से दोगुने मुआवजे की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार को राजपुरा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में तीन गांवों के किसानों ने स्पष्ट किया कि यदि उन्हें दोगुना मुआवजा नहीं मिला तो उनका आंदोलन जारी रहेगा।

यह परियोजना जिले की सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है, जिससे 4400 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। हालांकि इसके कारण 227 हेक्टेयर भूमि डूब में जाएगी, जिससे 300 से अधिक परिवार और लगभग 1500 किसान प्रभावित होंगे। आंदोलनों का नेतृत्व कर रहे डॉ.रवि कुमार पटेल ने बताया कि किसानों की न्यूनतम मांग 20 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर मुआवजे की है। मध्य प्रदेश सरकार ने पहले 10 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर देने की बात कही थी। हाल ही में कलेक्टर से हुई चर्चा में 15 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर देने और ब्याज सहित इसे 17 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर तक करने का प्रस्ताव दिया गया है।

डॉ.रवि कुमार पटेल ने कहा कि भू.अधिग्रहण कानून की धारा 26 में दोगुना मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। हालांकिए अधिकारी केवल एक गुना मुआवजा देने की बात कर रहे हैं और सांत्वना राशि को भी दोगुने मुआवजे में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैंए जबकि यह अलग से दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि बांध का आधा काम पूरा होने के बाद प्रारंभिक नोटिफिकेशन जारी किया गया था और नहर का काम भी चल रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पांगरी, बसाली और नागझिरी गांवों के किसान मौजूद थेए जिन्होंने अपनी मांग दोहराई।

ताप्ती मैया पूजन के साथ ताप्ती बांध के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। बुरहानपुर में रविवार को तापी लोक मंच द्वारा चिल्लोर घाट पर मां ताप्ती पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान घुटी घाटए धारनीए बोडए खारया और गोगायपुर सहित कई गांवों के किसानों और ग्रामीणों ने ताप्ती नदी पर प्रस्तावित बांध के खिलाफएकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन तापी बांध के निर्माण को रोकने के उद्देश्य से किया गया। तापी लोक मंच के अध्यक्ष डॉण् रविकुमार पटेल ने कहा कि जलए जंगल और जमीन की हानि किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार के लिए ताप्ती केवल एक नदी हो सकती हैए लेकिन आदिवासियों के लिए यह मां समान हैए और इसकी अविरल धारा से छेड़छाड़ स्वीकार्य नहीं होगी। अधिवक्ता जोश कल्लेली ने पर्यावरण और आदिवासी अधिकारों की रक्षा को सर्वोपरि बताया। कार्यक्रम का संचालन श्रीचंद जांभेकर ने कियाए जबकि रामगोपाल मावस्कर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तापी लोक मंच के डॉ. विनोद मालवीय, सुनील कानडे, रमेश जैसवाल, राजेंद्र पटेल, श्रीराम कास्डेकर,भूरेलाल जवारकर, रोहित जवारकर, रामसु पटेल, हरचंद भिलावेकर, हजारीलाल सेलेकर, किशन पटेल सहित कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे। यह विरोध मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार के बीच शताप्ती मेगा रिचार्ज स्कीमश् के तहत हुए एक समझौता ज्ञापन ;एमओयूद्ध के कारण हो रहा है। लगभग 19,400 करोड़ रुपये की इस परियोजना के तहत ताप्ती नदी पर खारिया घुटी घाट में एक बांध प्रस्तावित है। इस बांध के निर्माण से मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुल 22 गांवों की जमीन प्रभावित होगी, जिसमें मध्य प्रदेश के 8 और महाराष्ट्र के 14 गांव शामिल हैं। हाल ही में धारणी के घुटी घाट में इस परियोजना के संबंध में हवाई सर्वेक्षण भी किया गया था। किसानों ने इसी के बाद एकजुट होकर इस योजना के तहत बनने वाले बांध का विरोध किया। हालांकि यह पहले दिन का विरोध प्रदर्शन सांकेतिक रहा।

सावित्रीबाई फुले फाउंडेशन द्वारा स्वेटर वितरित

नवभारत न्यूज, नेपानगर। नेपानगर प्राथमिक शाला चूना भट्ठा के विद्यार्थियों को सावित्रीबाई फुले फाउंडेशन नेपानगर की ओर से स्वेटर वितरित किए गए । गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी चूना भट्ठा के सदस्य द्वारा सरकारी स्कूल से स्वेटर वाइट किए गए ।

इस अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष सिंधु काटकर फाउंडर एवं उपाध्यक्ष तरुना तायडे, सचिव करुणा वाघमारे, कोषाध्यक्ष ज्योति शिंदे सदस्य अनीता वाणी,वर्षा चौहान,नीतू तर्स्कार जादौन मैडम, स्नेहल भावसार, लक्ष्मी सावलकर मैडम सहित अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

भोपाल में 28 दिसंबर से लेकर 4 जनवरी तक वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन बहाली के लिए क्रमिक आंदोलन

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि मध्यप्रदेश की प्रांतीय कार्यकारिणी की मीटिंग दिनांक 14ध्12ध्2025 में भोपाल में क्रमिक आन्दोलन करने का निर्णय परमानंद डेहरिया राष्ट्रीय सचिव प्रांताध्यक्ष के नेतृत्व में करने का निर्णय लिया गया।

ज्ञात हो कि प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि गणना ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदी ष्वरिष्ठताष् एवं पुरानी पेंशन बहाली की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर भोपाल में दिसम्बर 2025 के अंतिम सप्ताह से जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह शीत कालीन अवकाश में क्रमिक आन्दोलन किया जायें। 04 जनवरी 2026 रविवार को श्री विजय कुमार बंधु राष्ट्रीय अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य व राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं मध्यप्रदेश के समस्त प्रांताध्यक्षों की विशिष्ट गरिमा उपस्थित मे समापन किया जायेंगा।

वरिष्ठता सह.पुरानी पेंशन बहाली के लिए समस्त संगठनों के पदाधिकारियों को एक मंचन में लाने का प्रयास समिति के अध्यक्ष संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित द्वारा किया गया। जिसमें प्रांत अध्यक्ष राकेश दुब, नवनीत चतुर्वेदी, भरत पटेल, मनोहर दुबे राकेश नायक, राजीक कुरैशी आदि से वरिष्ठता संबंध में चर्चा की गई समर्थन सहमति मांगी गई सभी ने वरिष्ठता हेतु सहमति प्रदान की समर्थन करने का भरोसा दिलाया। प्रांतीय अध्यक्ष परमानंद डेहरिया द्वारा संगठनों से संवाद करने के लिए संतोष सिंह दीक्षित प्रांतीय संयोजक के नेतृत्व में शेख़ मोहम्मद हनीफ वरिष्ठ उपाध्यक्ष,एम आर फारुख एवं श्री मुकेश बघेल प्रांतीय महासचिव चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

सुश्री सुषमा खेमसरा प्रांतीय संयोजक महिला प्रकोष्ठ एवं श्रीमती प्रतिभा सिंहए श्रीमती शैलजा बैरागी समस्त मातृशक्ति से क्रमिक आन्दोलन में जोड़ने का प्रयास करेंगी। समस्त प्रांतीय,संभाग,जिला तहसील, ब्लॉक अध्यक्षों को क्रमिक आन्दोलन का प्रभारी बनाया गया है।

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम मध्यप्रदेश कुछ प्रांतीय कार्यकारिणी ने सभी विभागों के नेशनल पेंशन स्कीम धारी समस्त कर्मचारी से अपील है कि क्रमिक आन्दोलन को सफल बनाने के लिए सहयोग,समर्थन, सहभागिता सुनिश्चित कीजिए।

थाना प्रभारियों एवं स्टाफ द्वारा क्षेत्र में की जा रही है फुट पेट्रोलिंग

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा सुरक्षा व्यव्स्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किया, भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार,धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटल, लॉज , धर्मशाला, सार्वजनिक स्थानों आदि की औचक चैकिंग करते हुए अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई।

अमृत संचय अभियान के तहत किया बोरी बंधान कार्य

नवभारत न्यूज,बुरहानपुर। जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने एवं स्थानीय जल स्त्रोतों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को अमृत संचय अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम धुलकोट में रूपारेल नदी के समीप जल संचयन हेतु बोरी बंधान का कार्य किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण कर भू.जल स्तर को बढ़ाना एवं भविष्य में जल संकट से बचाव करना है।

इस अवसर पर जिला समन्वयकए जन अभियान परिषद श्री मनीष कुवादे ने उपस्थितजनों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने दैनिक जीवन में जल के सदुपयोगए अनावश्यक जल अपव्यय रोकने तथा छोटे.छोटे प्रयासों से जल बचाने के उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी ने जल संरक्षण हेतु शपथ भी ली। बोरी बंधान कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधियोंए नवांकुर चंपालाल महाजन एजुकेशनल सोसायटी के सदस्यों सहित अन्य द्वारा सहभागिता की गयी।

जिले में 100 दिवसीय जागरूकता अभियान व्यापक स्तर पर जारी

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। जिले में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिये 100 दिवसीय जागरूकता अभियान व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयए चौक बाजार बुरहानपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गयी। कार्यक्रम में करीबन 400 छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर बाल विवाह की रोकथाम हेतु प्रेरक संदेश दिया। वहीं सभी ने सामूहिक शपथ भी ली। इस अवसर पर रैली का भी आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती अवास्या ने 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के उद्देश्य, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल अधिकारए बाल हित से जुड़े कानूनए मोबाइल के दुष्प्रभावों के बारें में जानकारी दी एवं उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने व तनाव को कम करने के लिये उपाय भी बताये।

इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन नं. 1098, पुलिस हेल्प लाइन नं.112 एवं साइबर सुरक्षा से संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान गुड टच एवं बेड टच के बारें में भी विस्तार से समझाया गया तथा विद्यार्थियों को उनके अधिकारोंए स्वयं को सुरक्षित रखने के उपायों एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रावधानों से अवगत कराया गया।

इसी कड़ी में परियोजना खकनार एवं शाहपुर में भी बाल विवाह रोकथाम हेतु कार्यशाला आयोजित रही। जहां खकनार में महिलाओं द्वारा हाथों में मेहंदी लगाकर बाल विवाह रोकथाम का संदेश दिया गया तथा शाहपुर में कार्यशाला आयोजित कर शपथ ली गयी। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी महेश मेहराए जायंट्स ग्रुप संस्था से श्रीमती फोजिया सोडावाला, शाला प्राचार्य सहित विद्यालयीन स्टॉफएवं विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गयी।

करोसिया खंडवा शहर के जिला प्रभारी नियुक्त

नवभारत न्यूज, नेपानगर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव की अनुशंसा पर कांग्रेस आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास ने प्रदेश महासचिव धीरज करोसिया को खंडवा शहर का जिला प्रभारी नियुक्त किया है। युवा कांग्रेस नेता चन्द्रकांत प्रजापति ने बताया यह नियुक्ति कांग्रेस पार्टी की खंडवा शहर सोशल मीडिया इकाई को और अधिक मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। धीरज करोसिया सोशल मीडिया, कटेंट क्रिएशन में अनुभवी, समर्पित नेता हैं, जिनकी नियुक्ति से शहर कांग्रेस में सोशल मीडिया संगठनात्मक गतिविधियां तेज होंगी। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। इस नियुक्ति पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टांक, ग्रामीण जिलाध्यक्ष रविन्द्र महाजन, किशोर महाजन, नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष जगमीत सिंह जॉली, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाशसिंह बैस, सोहन सैनी,जनपद अध्यक्ष राकेश सोलंकी, आकाश राठौर सहित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता रथ रवाना

नवभारत न्यूज बुरहानपुर। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को जागरूकता रथ को झंडी देखाकर रवाना किया गया।

यह रथ परियोजनावार वार्ड एवं ग्रामों में भ्रमण करते हुए नागरिको को बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूक करेंगा।

अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान द्वारा कलेक्टर कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती अवास्या सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहें।

यह जागरूकता रथ बाल विवाह रोकथामए बाल विवाह के दुष्परिणामए बाल विवाह करने पर दण्ड एवं विवाह को शून्य घोषित किये जानेए मानसिक स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरणए वन स्टॉप सेन्टर ;सखीद्ध की जानकारीए हेल्प लाइन नंबरए पीएमएमवीवाय योजना की प्रक्रिया व लाभ आदि का प्रचार.प्रसार करेंगे। इसके अतिरिक्त चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर.1098 व पुलिस हेल्प लाईन नंबर.112 का भी प्रचार.प्रसार करेंगा है। जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु 100 दिवसीय जागरूकता अभियान अंतर्गत निरंतर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में चापोराए शाहपुर में भी रैली का आयोजन कर ग्रामवासियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूक किया गया।

एक नजर — वनकर्मियों को ऐसे चिन्हित पेड़ काटने के तरीके बताए गए

मझगांव बीट के कंपार्टमेंट नंबर 288 में वनकर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज नेपानगर। मझगांव बीट के कम्पार्टमेंट नंबर 288 में सोमवार को वन विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें वनकर्मियों को ऐसे चिन्हित पेड़ काटने के तरीके बताए गए जो वन विभाग के नियमों के तहत काटने जरूरी होते हैं। इस दौरान बुरहानपुर डीएफओ वीबी सिंह भी मौजूद थे।

वनकर्मियों को प्रशिक्षण में बताया गया कि हमें पहले यह देखना पड़ता कि पेड़ को गिराना किधर है। नीचे गिरेगा तो लकड़ी खराब हो इस बात का भी ध्यान रखना है। किस तरह गिराएंगे कि नुकसान न हो, बगल वाले पौधे डैमेज न हो इसका भी ध्यान रखा जाए। दरअसल वन विभाग की ओर से हर साल वन मंडल स्तरीय कूप सीमांकन,मार्किंग और वनों का विदोहन विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाती है। इसमें वनकर्मियों को बताया जाता है कि कूप का सीमांकन किस तरह करना है। साथ ही वन क्षेत्र में कौन कौन से पेड़ काटने योग्य हैं। अगर उन्हें काटा जाता है तो कौन कौन सी सावधानियां रखना जरूरी है यह सब प्रशिक्षण में बताया गया।

नावरा रेंज की मजगांव बीट में हुआ प्रशिक्षण:-सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नावरा रेंज की बीट मजगांव के कम्पार्टमेंट नंबर 288 में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित रहे। वनकर्मियों को वन मंडलीय स्तरीय कूप सीमांकन, मार्किंग, विदोहन की जानकारी दी गई। मझगांव में हुए प्रशिक्षण के दौरान वनकर्मियों को इसकी प्रक्रिया का डेमो देकर भी दिखाया गया। इसमें खकनार रेंजर के अलावा उत्पादन वन मंडल बुरहानपुर से नंदकिशोर अग्निहोत्री द्वारा ने फील्ड में प्रदर्षन के माध्यम वन का विदोहन करने के बारे में

डीएफओ बोले. अच्छे से समझ लें तकनीक:-इस दौरान बुरहानपुर डीएफओ विद्याभूषण सिंह ने वनकर्मियों से कहा कि एक बार में अच्छे से समझ लें कि पेड़ों को किस तरह काटा जाना है। नेपानगर एसडीओ विक्रम सुलिया ने भी वनकर्मियों को विभिन्न जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान बुरहानपुर एसडीओ अजय सागर और उत्पादन वन मंडल बुरहानपुर की टीम भी मौजूद थी।

इसलिए आयोजित होता है प्रशिक्षण:-नेपानगर एसडीओ विक्रम सुलिया के अनुसार प्रशिक्षण का उद्देश्य वन क्षेत्र के जल स्त्रोतों की पहचान करना, वन सीमा का निर्धारणए वन भूमि का सही तरीके से उपयोग, मैपिंग के साथ ही प्रबंधन के साथ अतिक्रमण रोकना होता है। वन विभाग में यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है जिससे वन क्षेत्रों को संरक्षित रखने में खासी मदद मिलती है।